अप्रार्थीगण को दी है, जिस बाबत् शपथ पत्र दिनांक 13.08.2018 को लिखा गया। प्रार्थी की भूमि मुरबा नं0 8 में आने–जाने के लिए मुरबा नं0 8 के किला नं0 1, 10, 11 प्रत्येक में 1–1/2, 1–1/2 बिस्वा रास्ता मंजूर करवाना चाहता है, जिसके लिए बतौर मुआवजा भूमि अप्रार्थीगण को दे दी गई है, रास्ता मंजूर करवाने हेतु उक्त प्रार्थना पत्र की एक मात्र विकल्प है, जो यही प्रार्थना पत्र का कारण है।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरीय नोटिस तलब किया गया। प्रार्थी व अप्रार्थीगण की ओर से राजीनामा प्रस्तुत किया गया। जिसे शामिल मिसल किया गया। राजीनामा प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि उपरोक्त अनवान के प्रकरण में मिकरान ने लोक अदालत की भावना से प्रेरित होकर उक्त प्रकरण में राजीनामा कर लिया है। इसलिए राजीनामा अनुसार चक 39 आरबी के मुरबा नं0 8 के किला नं0 20 में प्रवेश के लिए मुरबा नं0 8 के किला नं0 1, 10, 11 प्रत्येक में 1–1/2, 1–1/2 बिस्वा रास्ता मन्जूर किया जाए तो हमें कोई आपत्ति नहीं है व राजीनामा अनुसार मुरबा नं0 8 के किला नं0 13/2 व 14 व 15 के 1–1/2, 1–1/2 बिस्वा अप्रार्थीगण को दे दी है। कब्जा अप्रार्थीगण को दे दिया है। किला नं0 13/2, 14 व 15 मुशर्तका खाता की भूमि है, प्रार्थी के हिस्सा में से अप्रार्थीगण को दे दी जावें। राजीनामा अनुसार रास्ता स्वीकार किया जावें।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। राजीनामा का अवलोकन किया गया। राजीनामा अनुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र राजीनामा के आधार पर वादगत भूमि तहसील पदमपुर चक 39 आरबी के मुरबा नं0 8 के किला नं0 20 में प्रवेश के लिए मुरबा नं0 8 के किला नं0 1, 10, 11 प्रत्येक में 1–1/2, 1–1/2 बिस्वा रास्ता स्वीकृत किये जाने के आदेश दिये जाते है। प्रार्थी अप्रार्थीगण को राजीनामा अनुसार अपनी मुर्शतका खाता की भूमि चक 39 आरबी के खाता सं0 2 के मुरबा नं0 8, 9, 16, 21 की 11.378 है0 भूमि में से रास्ता जितनी भूमि 0.058 है0 देगा। निर्णय की प्रति तहसीलदार (राजस्व) पदमपुर को राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद करने हेतु भिजवाई जावें।

निर्णय आज दिनांक 3/12/19 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया।

(सुभाष कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
पदमपुर (राज0)

(सुभाष कुमार)

Signature Not Verified
Digitally signed by Subhash Kumar
Date: 2019.12.30 12:34:20 IST
Reason: SelfAttested